# दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को मिली डिग्री

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. वी.के.वैद्य ने बताया कि विश्विद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया द्वारा विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। इस मौके पर डॉ. गदिया ने विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को मतदान करने के लिए प्रेरित किया एवं विद्यार्थियों को समाज के प्रति संवेदनशील होने की सलाह दी। संचालन अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका वन्दना चुण्डावत द्वारा किया गया।



# चौथे दीक्षांत समारोह में दीं डिग्रियां



गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षांत समारोह शनिवार को हुआ। वाइस चांसलर डॉ. वीके. वैद्य ने समारोह शुरू करने की घोषणा की। इसके साथ ही विभिन्न संकाय के डीन ने विद्यार्थियों को मंच पर बुलाया। इन्हें चेयरपर्सन डॉ. अशोककुमार गदिया ने डिग्रियां दीं। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एक विद्यार्थी एवं उसके विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा सदैव एक-दूसरे से जुड़ी रहती है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी प्रतिष्ठा बनाए रखें। मंच पर पीएचडी एवं एमफिल के छात्र-छात्राओं को डिग्री दी। स्नातक एव स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं को डिग्री देने की व्यवस्था विभाग अनुसार थी। संचालन वंदना चुंडावत ने किया।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित

चित्तौड़गढ़ (प्रात:काल संवाददाता)। मेवाड़ विश्विद्यालय मे चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के पुराने छात्र-छत्राओं मे उल्लास देखने योग्य था। एक और डिग्री मिलने की प्रसन्नता एवं दूसरी और पुराने विद्यार्थियों से मिलने के अवसर से वातावरण खुशनुमा रहा। विश्विद्यालय के वाईस चांसलर डॉ. वी.के. वैद्य द्वारा दीक्षांत समारोह को शुरू करने की घोषणा के साथ विभिन्न संकायों के डीन द्वारा डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया द्वारा डिग्री प्रदान की गयी। मंच पर मुख्यत: पी.एच.डी. एवं एमफील के छात्र-छात्राओं के साथ ही स्नातक एव स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को डिग्री वितरण की गई। समारोह में चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



चित्तौड़गढ। उपाधि प्रदान करते चेयरपर्सन डॉ. गदिया व अन्य पीयूष